भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2630

जिसका उत्तर 17 मार्च, 2022 को दिया जाना है।

.....

घाटल मास्टर प्लान परियोजना

2630. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) घाटल मास्टर प्लान परियोजना की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना के लिए सरकार द्वारा अब तक कितनी धनराशि जारी की गई है; और

(ग) उक्त परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडू)

(क) से (ग): पश्चिम बंगाल हेतु घाटल मास्टर प्लान पर मूल्य स्तर 2017 के लिए 1,238.95 करोड रूपए के संशोधित व्यय के साथ जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की सलाहकार समिति द्वारा दिनांक 6 जून, 2018 को आयोजित 136वीं बैठक में तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता के लिए विचार किया गया। सलाहकार समिति ने इस परियोजना को परियोजना प्राधिकरण द्वारा राज्य वित्त सहमति के अध्यधीन प्रस्तुति के लिए स्वीकार किया। केन्द्र सरकार द्वारा कोई निधि मुहैया नहीं कराई गई है क्योंकि परियोजना को जल शक्ति मंत्रालय की किसी भी योजना के तहत निधियन हेतु शामिल नहीं किया गया है। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, परियोजना के कुछ घटकों के तहत कार्यों को राज्य सरकार द्वारा अपनी स्वयं की निधि से शुरू किया गया है और परियोजना की अवधि सात वर्षों की है।

*****